1	2	3
25	Chandigarh	15.4
26	D & N Haveli	40.0
27	Delhi	26.0
28	Goa	14.5
29	Daman and Diu	24.8
30	Lakshadweep	24.4
31	Mizoram	NA
32	Pondicherry	19.5

Figures are provisional.

NA means Not Available.

Source : Sample Registration Office.

दिल्ली में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (यूनानी) के और अधिक औषधालयों का खोला जाना

2838. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सी० जी० एच० एस०) के औषधालयों में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के डाक्टरों द्वारा प्रतिदिन देखे जाने वाले रोगियों की संख्या कितनी निर्धारित की गई है और वास्तव में चिकित्सा पद्धति वार प्रतिदिन औसतन कितने रोगियों को देख रहे हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि यूनानी औषधालयों की सख्या में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उत्तरी और पूर्वी दिल्ली में एक भी यूनानी औषधालय

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों को यूनानी चिकित्सा प्रणाली का उपचार कराने के लिए कुछ मामलों में 25 से 30 किलो मी० तक लम्बी दूरी की यात्रा करनी पड़ती है; और

(च) सरकार द्वारा दिल्ली में और अधिक यूनानी औषधालय खोलने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) कोई निश्चित मानदंड निर्धारित नहीं किए गए हैं। 1992–93 के दौरान रोज वास्तव में देखे गए रोगियों की पद्धतिवार औसत सख्या नीचे दी गई है :—

चिकित्सा पद्धति	रोगियों की औसत संख्या
एलोपैथिक . .	63
आयुर्वेदिक . .	70
होम्योपैथिक . .	63
यूनानी . . .	35

(ख) जी, नहीं ।

(ग) जी, हां ।

(घ) से (च) नए औषधालय खोलने पर आवश्यकता के आधार पर विचार किया जाता है ।

एलोपैथिक और भारतीय चिकित्सा पद्धति को बराबर का दर्जा दिया जाना

2839. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार एलोपैथिक और भारतीय चिकित्सा पद्धति को बराबर का दर्जा देने का दावा करती है लेकिन वास्तविक स्थिति ऐसी नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है; और

(ग) देश में भारतीय चिकित्सा पद्धति विकसित करने तथा उसे बढ़ावा देने हेतु क्या योजना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री सी० सिल्वेरा) :(क) से (ग) राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अनुसार सरकार ने अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद और होमियोपैथी संस्थान आदि स्थापित करने के साथ-साथ विभिन्न उपाय किए हैं ताकि भारतीय चिकित्सा की प्रत्येक पद्धति को उसकी विशिष्टता के अनुसार विकसित किया जा सके ।

Defective life saving machines in Hospitals

2840. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that defective life saving machines and equipments are being used in hospitals;

(b) if so, what measures are being taken to check this state of affairs in the interest of the patients;

(c) whether Government have taken any discipilinary action against the hospital authorities responsible for this act of ommission;

(d) if so, the details thereof; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA): (a) Defective life saving machines and equipments are not being used in Central Government Hospitals.

(b) to (e) Do not arise.

Study on Iodine deficiency disease

2841. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have come across any study carried out by Gorakhpur Environmental Action Group with the UNICEF Support on Iodine Deficiency Diseases and if so, what are the details of the findings; and

(b) what corrective steps Government propose to take in the matter to overcome the problems of iodine deficiency due to sub-standard qua-